# पिछले साल से घटेगा चीनी का उत्पादन

**बीएस संवाददाता**
मुंबई, 18 मार्च



**चीनी** सीजन वर्ष 2015-16 के दौरान चीनी उत्पादन के चीनी उद्योग की सर्वोच्च संस्था भारतीय चीनी मिल संगठन (इस्मा) उत्पादन के पूर्वानुमान से भी कम रहने की उम्मीद है। संगठन ने आज एक बयान में कहा कि उत्पादन पिछले वर्ष के वास्तविक उत्पादन 283 लाख टन से 9 फीसदी कम रहने की उम्मीद है। संगठन ने इस वर्ष 255 लाख टन चीनी का उत्पादन होने की उम्मीद जताई है। पिछले महीने इस्मा ने चालू वर्ष के लिए चीनी उत्पादन का अनुमान संशोधित कर 260 लाख टन कर दिया है।

इसकी तुलना में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चीनी की कीमतों में सुधारों की वजह से निर्यात में तेजी देखने को मिल रही है। 14 लाख टन चीनी के निर्यात के लिए पहले ही अनुबंध किया जा चुका है और आने वाले दिनों में 5-6 लाख टन चीनी के निर्यात की संभावना है जिसके बाद इस सीजन के दौरान कुल चीनी निर्यात 20 लाख टन चीनी निर्यात संभव हो सकेगा। अंतरराष्ट्रीय कीमतें पिछले एक महीने में करीब 25 फीसदी तक सुधरी हैं। इस अवधि के दौरान स्थानीय कीमतें एनसीडीईएक्स पर नई मुंबई वाशी डिलिवरी चीनी की कीमतें 4 फीसदी चढ़कर 3,333 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहीं।

देश में चीनी मिलों ने चालू सीजन के दौरान 15 मार्च, 2016 तक 221.3 लाख टन चीनी का उत्पादन किया। पिछले साल के मुकाबले सीजन में पहली बार उत्पादन में गिरावट दर्ज की गई। देश में फिलहाल 325 मिलें काम कर रही हैं जबकि पिछले साल मध्य-मार्च तक 473 मिलें काम कर रही थीं।

देश में 189 चीनी मिलें पहले ही अपना काम करना बंद कर चुकी हैं जिनमें से 31 उत्तर प्रदेश में, महाराष्ट्र में 91, कर्नाटक में 36 और बिहार, गुजरात, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना, उत्तराखंड जैसे राज्यों में 36 मिलें शामिल हैं। चीनी संस्थान ने कहा, 'चूंकि चीनी का उत्पादन करने वाली मिलें पिछले साल के मुकाबले कम हैं इसलिए चालू वर्ष में चीनी उत्पादन भी पिछले वर्ष के वास्तविक उत्पादन के मुकाबले 9 फीसदी कम ही रहेगा।'